LATEST

# NEWS

# Election

## Date : 09th Dec. 2025

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

दैनिक भास्कर
जयपुर 09-12-2025

भास्कर खास

एसआईआर; ग्रामीण ने मारी बाजी, शहरी पॉश इलाके फिसड्डी

# जिले में 91.67% मतदाताओं की हुई मैपिंग, 3.51 लाख अब तक नहीं मिले, चुनाव आयोग भेजेगा नोटिस

सिटी रिपोर्टर | जयपुर

निर्वाचन विभाग की ओर से चल रहे एसआईआर में मतदाता मैपिंग अभियान में जयपुर जिले की ग्रामीण सीटों ने शानदार प्रदर्शन किया है, जबकि शहर की वीआईपी और पॉश सीटें अभी भी काफी पीछे चल रही हैं। 6 दिसंबर तक की रिपोर्ट के मुताबिक, पूरे जिले में 91.67% मैपिंग का काम पूरा हो चुका है, लेकिन अभी भी 3.51 लाख से ज्यादा मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई। चुनाव आयोग मतदाता सूची में लिखे नाम व पते के आधार पर उनको नोटिस भेजेगा।

भास्कर इनसाइट | शाहपुरा, चौमूं, चाकसू व बस्सी में 99.40% मैपिंग

## 3 बड़ी सीटें सबसे पीछे

**सिविल लाइंस:** यह सीट जिले में सबसे निचले पायदान (17वें नंबर) पर है। यहां 1.94 लाख के लक्ष्य में से केवल 80.06% मैपिंग हुई है।

**सांगानेर:** इस सीट पर 84.51% काम हुआ है। 47,341 वोटर्स की मैपिंग बाकी है।

**झोटवाड़ा:** सबसे बड़ा विस क्षेत्र से चुनौती भी बड़ी है। 84.73% काम हुआ है। सबसे ज्यादा 59,077 मतदाता अनमैप्ड हैं।



जमवारामगढ़ में डीजे पर नाचते विधायक महेंद्र पाल, एसडीएम ललित मीणा सहित अन्य कर्मचारी।

- **शाहपुरा:** यहां 2.29 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 99.40% काम पूरा हो चुका है। महज 1,343 मतदाता ही बचे हैं।
- **बस्सी:** 99.25% मैपिंग के साथ दूसरे नंबर पर।
- **चौमूं:** 99.22% काम पूरा, 1,928 की मैपिंग बाकी।
- **चाकसू:** 99.03% मैपिंग के साथ चौथे स्थान पर।
- **जमवारामगढ़ :** 98.31 का काम पूरा, केवल 3639 की मैपिंग बाकी।

दैनिक भास्कर

झुंझुनू भास्कर 09-12-2025

भास्कर पड़ताल | 11 के बाद वंचितों को देना होगा निवास प्रमाण पत्र

# प्रदेश के 42.65 लाख वोटर्स के गणना प्रपत्र नहीं आए, इनमें जिले के 1.17 लाख मतदाता भी शामिल

भास्कर संवाददाता | झुंझुनूं

## प्रपत्र नहीं जमा कराने वाले वोटर्स को जारी होंगे नोटिस

प्रदेश में एसआईआर के गणना प्रपत्र जमा कराने में तीन दिन का समय बचा है। अभी तक प्रदेश में 42.65 मतदाताओं के गणना प्रपत्र वापस नहीं आए हैं। इसमें जयपुर जिले में सर्वाधिक 5.62 लाख वोटर है। जबकि जिले में 1.17 लाख मतदाता शामिल हैं।

प्रदेश में जयपुर के बाद जोधपुर में 2.62 लाख, उदयपुर में 1.97 लाख, भीलवाड़ा में 1.72 लाख, कोटा में 1.64 लाख, अजमेर में 1.53 लाख, सीकर में 1.46 लाख के प्रपत्र जमा नहीं हुए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अरुण गर्ग के अनुसार एसआईआर में गणना प्रपत्र जमा नहीं कराने वाले मतदाता 11 दिसंबर तक बीएलओ से गणना फार्म भरवाकर वापस जमा करा सकते हैं। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी। जिसमें गणना प्रपत्र नहीं देने वाले मतदाता शामिल नहीं होंगे। तब ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी करेंगे। ऐसे मतदाताओं को 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक का समय मिलेगा। नोटिस के जवाब के साथ मतदाता भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा तय किए गए 13 दस्तावेजों में से कोई एक साक्ष्य के रूप में जमा करा सकेंगे। दस्तावेजों की जांच के बाद फिर मतदाता सूची में नाम शामिल करने या नहीं करने का निर्णय लिया जाएगा। इसके साथ नवाचार के रूप में जिले में हर बूथ पर गणना प्रपत्र नहीं देने वाले मतदाताओं की सूची तैयार कराकर प्रमुख दलों के बीएलए को दी है। इसमें गैरहाजिर, विस्थापित, मृत मतदाताओं को शामिल किया गया है। ये सूची आयोग की वेबसाइट पर भी प्रकाशित होगी।

# SIR कार्य शत-प्रतिशत पूरा करने पर प्रधानाचार्य व टीम सम्मानित



**नमस्कार नेशन**

**समदड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी बालोतरा द्वारा समदड़ी क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जेठन्तरी के प्रधानाचार्य सुशील कुमार शर्मा को SIR कार्य तय समय-सीमा से पूर्व शत-प्रतिशत पूरा करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके साथ सुपरवाइजर कानाराम चौधरी और व्याख्याता भरत पटेल को भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालोतरा की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गांव पहुंचने पर मामाजी महाराज भोपाजी भीखाराम चौधरी ने प्रधानाचार्य सुशील कुमार शर्मा, अध्यापक कानाराम चौधरी तथा व्याख्याता भरत पटेल का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर कलाराम, भीखाराम, गुमान सिंह, शंकरलाल, अशोक पटेल सहित स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

# मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में समदड़ी अव्वल




**नमस्कार नेशन**

**सिवाना।** विधानसभा क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा किया जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 में विधानसभा सिवाना की तहसील समदड़ी ने 99.50% मतदाताओं की मैपिंग करके विधानसभा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अभी लगभग 400 मतदाताओं का कार्य शेष है। मैपिंग से तात्पर्य समदड़ी तहसील के 400 मतदाताओं के अलावा शेष सभी मतदाताओं को किसी भी प्रकार का दस्तावेज अपने बीएलओ के पास जमा करवाने कीआवश्यकता नहीं होगी। सिवाना निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुरेन्द्रसिंह खंगारोत के निर्देशन में समदड़ी के निर्वाचक अधिकारी शैतानसिंह ने अपनी टीम को कुशल नेतृत्व प्रदान करते हुए सतत् मॉनिटरिंग एवं बूथ स्तर तक की मजबूत टीम वर्क साथ ही तकनीकी दक्षता और जमीनी स्तर पर कार्यरत बीएलओ एवं सुपरवाइजर के समर्पण का नतीजा है।

Scanned with CamScanner

# उत्कृष्ट कार्य पर पचपदरा विधानसभा के बीएलओ को बीएलए ने किया सम्मानित



नमस्कार नेशन

बालोतरा। पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 91 और 92 में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के बीएलए ने जिला कलक्टर कार्यालय में पहुंचकर सम्मानित किया। भारतीय जनता पार्टी के बीएलए 1 अशोक कुमार पालीवाल, सुरेश कोठारी, कांग्रेस पार्टी के बीएलए मांगीलाल सांखला, राजेन्द्र सोनी तथा भाजपा बीएलए 2 रामसिंह और कांग्रेस बीएलए 2 अनवर ने संयुक्त रूप से सराहनीय कार्य करने वाले भाग संख्या 91 के बीएलओ ओमकार सिंह, भाग संख्या 92 के राणसिंह, भाग संख्या 91 एवं 92 के सुपरवाइजर विकास जाखड़, भाग संख्या 91 के सहायक बीएलओ जुगल किशोर मेवाड़ा तथा भाग संख्या 92 के सहायक बीएलओ जितेंद्र को जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार यादव के कर कमलों से उपहार दिलाकर सम्मानित करवाया। जिला निर्वाचन अधिकारी यादव ने सम्मानित कर्मचारियों से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के दौरान किए गए कार्यों पर चर्चा की और मतदाता सूची को सटीक एवं पारदर्शी रूप में तैयार करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बीएलए 1, बीएलए 2 और सहायक बीएलओ से प्राप्त सहयोग की भी प्रशंसा की। बीएलओ ने बताया कि उनकी टीम ने मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं को समय रहते यह सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया कि वे अपना नाम ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में किस स्थान पर रखना चाहते हैं। उन्होंने बालोतरा जिले की समस्त मतदाता सूचियों को डाउनलोड कर मतदाताओं के नामों की सर्चिंग और मैपिंग का कार्य किया, जिससे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम समय से पूर्व पूरा हो गया। बीएलए राजेन्द्र ने बताया कि भाग संख्या 92 में बीएलओ राणसिंह ने शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया है, जिसके चलते उन्हें सम्मानित किया गया। बीएलए मांगीलाल सांखला ने कहा कि सभी ने एकजुट होकर मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य पूरा किया और सभी बीएलओ का प्रदर्शन संतोषजनक रहा। सम्मानित कर उनके कार्य को प्रोत्साहित किया गया है।

Scanned with CamScanner

## बीएलओ को किया सम्मानित

# बीजेपी और कांग्रेस बीएलए जिला कलक्टर कार्यालय पहुंचे

**नवज्योति/बालोतरा।** पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 91 एवं 92 में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के बीएलए ने जिला कलक्टर कार्यालय में पहुंच कर सम्मानित किया।

पचपदरा विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के बीएलए 1 अशोक कुमार पालीवाल एवं सुरेश कोठारी तथा कॉग्रेस पार्टी के बीएलए मांगीलाल सांखला एवं राजेन्द्र सोनी तथा भारतीय जनता पार्टी के बीएलए 2 रामसिंह एवं कॉग्रेस पार्टी के बीएलए 2 अनवर ने नवाचार के करते हुए संयुक्त रूप से सराहनीय



कार्य करने वाले भाग संख्या 91 के बीएलओ ओमकार सिंह, भाग संख्या 92 के राणसिंह, भाग संख्या 91 एवं 92 के सुपरवाइजर विकास जाखड़ तथा भाग संख्या 91 के सहायक बीएलओ जुगल किशोर मेवाड़ा तथा भाग संख्या 92 के सहायक बीएलओं जितेन्द्र को जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार यादव के कर कमलों से उपहार दिला सम्मानित करवाया। जिला निर्वाचन अधिकारी यादव ने सम्मानित कर्मचारियों से संवाद करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की और कार्य संपादन करने की सराहना की। बीएलए राजेन्द्र ने बताया कि भाग संख्या 92 में कार्यरत बीएलओ राणसिंह ने शत प्रतिशत डिजीटाजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है। उनके सराहनीय कार्य को सम्मान देने के लिए आज भारतीय जनता पार्टी एवं कॉग्रेस पार्टी के द्वारा उन्हे सम्मानित किया गया।

Scanned with CamScanner

# बीजेपी और कांग्रेस पार्टी के बीएलए ने बीएलओ को उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला कलक्टर कार्यालय में पहुंच किया सम्मानित







## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026

मरुलहर न्यूज

बालोतरा। पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 91 एवं 92 में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के बीएलए ने जिला कलक्टर कार्यालय में पहुंच कर सम्मानित किया।

पचपदरा विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के बीएलए 1 अशोक कुमार पालीवाल एवं सुरेश कोठारी तथा कॉंग्रेस पार्टी के बीएलए मांगीलाल सांखला एवं राजेन्द्र सोनी तथा भारतीय जनता पार्टी के बीएलए 2 रामसिंह एवं कॉंग्रेस पार्टी के बीएलए 2 अनवर ने नवाचार के करते हुए संयुक्त रूप से सराहनीय कार्य करने वाले भाग संख्या 91 के बीएलओ ओमकार सिंह, भाग संख्या 92 के राणसिंह, भाग संख्या 91 एवं 92 के सुपरवाइजर विकास जाखड़ तथा भाग संख्या 91 के सहायक बीएलओ जुगल किशोर मेवाड़ा तथा भाग संख्या 92 के सहायक बीएलओं जितेन्द्र को जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुशील कुमार यादव के कर कमलों से उपहार दिला सम्मानित करवाया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री यादव ने सम्मानित कर्मचारियों से संवाद करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सटीक एवं पारदर्शी रूप में मतदाता सूची बनाने में किए गए विशेष प्रयासों और बीएलए 1, बीएलए 2 तथा सहायक बीएलओ से मिले सहयोग से कार्य संपादन करने की सराहना की।

बीएलओ ने बताया कि उनकी टीम ने मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से समझाइश की कि वे समय पर निर्धारित करें कि उन्हें अपना नाम ग्रामीण क्षेत्र में रखना है या शहरी क्षेत्र में। इसके अलावा, बालोतरा जिले की समस्त मतदाता सूचियों को डाउनलोड कर मतदाताओं के नाम को सर्च कर मैपिंग किया गया। टीम के सहयोग और नवाचार के कारण विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 का कार्य समय से पूर्व पूर्ण कर लिया गया है। बीएलए राजेन्द्र ने बताया कि भाग संख्या 92 में कार्यरत बीएलओ राणसिंह ने शत प्रतिशत डिजीटाजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है। उनके सराहनीय कार्य को सम्मान देने के लिए आज भारतीय जनता पार्टी एवं कॉंग्रेस पार्टी के द्वारा उन्हे सम्मानित किया गया। बीएलए मांगीलाल सांखला ने बताया कि हम सभी ने एकजूट होकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य को पूरा किया है। सभी बीएलओ का कार्य संतोषप्रद रहा है। सभी बीएलओं के कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए इन्हे आज सम्मानित किया गया है।

Scanned with CamScanner

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

## बीजेपी और कांग्रेस के बीएलए ने किया सम्मान

**बालोतरा @ पत्रिका** . पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 91 एवं 92 में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के बीएलए ने जिला कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर सम्मानित किया। पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी बीएलए-1 अशोक कुमार पालीवाल व सुरेश कोठारी, कांग्रेस पार्टी के बीएलए मांगीलाल सांखला व राजेन्द्र सोनी, बीजेपी बीएलए-2 रामसिंह तथा कांग्रेस बीएलए-2 अनवर ने संयुक्त रूप से भाग संख्या 91 के बीएलओ ओमकार सिंह, भाग संख्या 92 के बीएलओ राणसिंह, दोनों भागों के सुपरवाइजर विकास जाखड़ तथा सहायक बीएलओ जुगल किशोर मेवाड़ा व जितेन्द्र को जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार यादव से उपहार दिलाकर सम्मानित कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी यादव ने बीएलओ की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत किए गए सटीक एवं पारदर्शी कार्यों की सराहना की।

Scanned with CamScanner

**सम्मान •** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ, सुपरवाइजर ने शत प्रतिशत पूरा किया काम

# बीएलओ को उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

भास्कर न्यूज | बालोतरा

पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 91 एवं 92 में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को भाजपा एवं कांग्रेस के बीएलए ने जिला कलेक्टर कार्यालय में पहुंच कर सम्मानित किया।

पचपदरा विधानसभा के भाजपा के बीएलए अशोक कुमार पालीवाल एवं सुरेश कोठारी तथा कांग्रेस पार्टी के बीएलए मांगीलाल सांखला एवं राजेंद्र सोनी तथा भाजपा के बीएलए 2 रामसिंह एवं कांग्रेस पार्टी के बीएलए 2 अनवर ने नवाचार के करते हुए संयुक्त रूप से सराहनीय कार्य करने वाले भाग संख्या 91 के बीएलओ ओमकारसिंह, भाग संख्या 92 के राणसिंह, भाग संख्या 91 एवं 92 के सुपरवाइजर विकास जाखड़ तथा भाग संख्या 91 के सहायक बीएलओ जुगल किशोर मेवाड़ा तथा भाग संख्या 92 के सहायक बीएलओ जितेंद्र को जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार यादव की ओर से उपहार दिलाकर सम्मानित करवाया। बीएलए राजेंद्र ने बताया कि भाग संख्या 92 में कार्यरत बीएलओ राणसिंह ने शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है। उनके सराहनीय कार्य को सम्मान देने के लिए भाजपा एवं कांग्रेस की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। बीएलए मांगीलाल सांखला ने बताया कि हम सभी ने एकजूट होकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य को पूरा किया है।



बालोतरा . बीएलओ को सम्मानित करते हुए कलेक्टर।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने जेठंतरी प्रधानाचार्य समेत अन्य कार्मिकों को किया सम्मानित



समदड़ी. बीएलओ को सम्मानित करते हुए।

समदड़ी | समीपवर्ती जेठंतरी ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित राउमावि के प्रधानाचार्य सुशील कुमार शर्मा के नेतृत्व में गांव का एसआईआर का कार्य तय समय-सीमा से पूर्व शत-प्रतिशत करने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान व जिला निर्वाचन अधिकारी बालोतरा की ओर से प्रधानाचार्य सुशील कुमार शर्मा, सुपर वाइजर कानाराम चौधरी व भरत पटेल को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। गांव पहुंचने पर मामाजी महाराज के भक्त भीखाराम चौधरी ने भी बहुमान किया। इस अवसर पर कलाराम चौधरी, गुमानसिंह पटाऊ, शंकरलाल, अशोक पटेल आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

# समदड़ी में 99.50% मतदाताओं की मैपिंग


सिवाना/समदड़ी | भारत निर्वाचन आयोग की ओर से किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 में विधानसभा सिवाना की तहसील समदड़ी ने 99.50% मतदाताओं की मैपिंग करके विधानसभा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

अभी करीब 400 मतदाताओं का कार्य शेष है। मैपिंग से तात्पर्य समदड़ी तहसील के 400 मतदाताओं के अलावा शेष सभी मतदाताओं को किसी भी प्रकार का दस्तावेज अपने बीएलओ के पास जमा करवाने की आवश्यकता नहीं होगी। सिवाना ईआरओ सुरेंद्रसिंह खंगारोत के निर्देशन में एईआरओ शैतानसिंह ने टीम को कुशल नेतृत्व प्रदान करते हुए बूथ स्तर तक की मजबूत टीम वर्क साथ ही कार्यरत बीएलओ एवं सुपरवाइजर के समर्पण का नतीजा है।

Scanned with CamScanner

# एसआईआर के तहत बीएलओ को गणना पत्रों को सही भरकर जमा कराए व सहयोग करें: गर्ग

## महात्मा गांधी राउमावि जैसलमेर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



जैसलमेर. जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

भास्कर न्यूज | जैसलमेर

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 अभियान के तहत महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैसलमेर में व्यापक एवं तकनीकी रूप से उन्नत मतदाता जागरूकता एवं डिजिटल सक्षमता गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रामाराम ने की। इस अवसर पर स्वीप प्रकोष्ठ के गोविंद गर्ग ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया, उसके उद्देश्यों एवं महत्व पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में है एवं बीएलओ द्वारा दिए गए गणना पत्रों को सही सही भरकर जमा करवाने में सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने अपने क्षेत्रों में एसआईआर से संबंधित जागरूकता को और अधिक प्रसारित करें। कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में सही पंजीकरण, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं त्रुटियों के संशोधन से जुड़ी प्रक्रियाओं पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने वाला महत्वपूर्ण अभियान है।

# एसआईआर : मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)–2026**

जैसलमेर (**मरुमहिमा**)। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) –2026 अभियान के तहत महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जैसलमेर में जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर), मुख्य कार्यकारी अधिकारी (स्वीप प्रकोष्ठ नोडल अधिकारी) एवं जिला स्वीप प्रकोष्ठ समन्वयक के निर्देशन में व्यापक एवं तकनीकी रूप से उन्नत मतदाता जागरूकता एवं डिजिटल सक्षमता गतिविधि आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रामा राम ने की। इस अवसर पर स्वीप प्रकोष्ठ के गोविन्द गर्ग ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया, उसके उद्देश्यों एवं महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में है एवं बीएलओ द्वारा दिए गए गणना पत्रों को सही–सही भरकर जमा करवाने में सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में एसआईआर से संबंधित जागरूकता को और अधिक प्रसारित करें।

कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में सही पंजीकरण, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं त्रुटियों के संशोधन से जुड़ी प्रक्रियाओं पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने वाला महत्वपूर्ण अभियान है, जो प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में शामिल होने का अवसर सुनिश्चित करता है। प्रधानाचार्य रामा राम सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

दैनिक भास्कर

धौलपुर 09-12-2025

# वंचित मतदाता को एक और मौका, 11 तक परिगणना प्रपत्र भर सकेंगे

भास्कर न्यूज | बसेड़ी

एसआईआर में वंचित मतदाता को एक और मौका है। वह 11 दिसंबर तक परिगणना प्रपत्र भर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत पुनः जारी किये गये शेड्यूल, दावे आपत्ति प्राप्त करने तथा परिगणना अवधि के दौरान अनुपस्थित, मृत, पलायन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की जानकारी देने के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीओ) बसेड़ी सुरेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीओ) बसेड़ी सुरेन्द्र प्रसाद द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत परिगणना अवधि में अनुपस्थित, मृत, पलायन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की विधानसभावार जानकारी प्रदान की गई तथा अवगत कराया गया कि जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी के निर्देशानुसार सभी बूथों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा बैठक आयोजित कर विभिन्न पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट को परिगणना अवधि के दौरान पाये गये अनुपस्थित, मृत, पलायन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की सूचियां साझा की गई हैं। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि यदि कोई मतदाता परिगणना प्रपत्र भरवाने से शेष रह गये हैं तो संबंधित बीएलओ के माध्यम से 11 दिसम्बर की दोपहर तक परिगणना प्रपत्र भर सकते हैं, ताकि प्रारूप मतदाता सूची में उनका नाम शामिल किया जा सके। साथ ही अवगत कराया गया कि दिनांक 16 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक नामावली में जिन पात्र व्यक्तियों के नाम शामिल नहीं हुए हैं वे मतदाता तथा 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले पात्र युवा अपना नाम निर्वाचक नामावली में जुड़वाने हेतु निर्धारित प्रपत्र-6 अनुलग्नक-4 के साथ दिनांक 15 जनवरी 2026 तक संबंधित बीएलओ के माध्यम से अथवाअऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से पूर्व में जारी शेड्यूल में परिवर्तन के बारे में भी अवगत कराया गया, जिसके अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 09 दिसम्बर के स्थान पर 16 दिसम्बर को होने तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 फरवरी के स्थान पर 14 फरवरी को होने की जानकारी भी प्रदान की गई। बैठक में राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी तथा आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में राजनैतिक दलों के ब्लॉक अध्यक्षों से वर्तमान में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपेक्षित सहयोग हेतु अनुरोध किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी इस कार्य को सफल बनाने हेतु अधिकतम प्रचार-प्रसार व जागरूकता की जावे जिससे कि पात्र सभी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सकें।

# एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित



» बसेड़ी. एसआईआर को लेकर चर्चा करते हुए

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बसेड़ी** । भारत निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत पुनः जारी किये गये शेड्यूल, दावे आपत्ति प्राप्त करने तथा परिगणना अवधि के दौरान अनुपस्थित, मृत, पलायन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की जानकारी देने के संबध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीओ) बसेड़ी सुरेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में निवार्चक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीओ) बसेड़ी सुरेन्द्र प्रसाद द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत परिगणना अवधि में अनुपस्थित, मृत, पलायन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की विधानसभावार जानकारी प्रदान की गई तथा अवगत कराया गया कि श्रीमान जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी के निर्देशानुसार विगत 06 दिसम्बर को सभी बूथों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा बैठक आयोजित कर विभिन्न पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट को परिगणना अवधि के दौरान पाये गये अनुपस्थित, मृत, पलायन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की सूचियां साझा की गई हैं। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि यदि कोई मतदाता परिगणना प्रपत्र भरवाने से शेष रह गये हैं तो संबंधित बीएलओ के माध्यम से दिनांक 11 दिसम्बर की दोपहर तक परिगणना प्रपत्र भर सकते हैं, ताकि प्रारूप मतदाता सूची में उनका नाम शामिल किया जा सके। साथही अवगत कराया गया कि दिनांक 16 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक नामावली में जिन पात्र व्यक्तियों के नाम शामिल नहीं हुए हैं वे मतदाता तथा 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले पात्र युवा अपना नाम निर्वाचक नामावली में जुड़वाने हेतु निर्धारित प्रपत्र-6 अनुलग्नक-4 के साथ दिनांक 15 जनवरी 2026 तक संबंधित बीएलओ के माध्यम से अथवावऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इस दौरान उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से पूर्व में जारी शेड्यूल में परिवर्तन के बारे में भी अवगत कराया गया, जिसके अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 09 दिसम्बर के स्थान पर 16 दिसम्बर को होने तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 फरवरी के स्थान पर 14 फरवरी को होने की जानकारी भी प्रदान की गई। बैठक में राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी तथा आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बाड़ी में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सम्पन्न होने पर बीएलओ सम्मान समारोह आयोजित

## जिला कलक्टर ने किया कर्मचारियों का उत्साहवर्धन

**धौलपुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की सफलतापूर्वक पूर्णता के उपलक्ष्य में बुधवार को बाड़ी उपखंड क्षेत्र के सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह व भोज का आयोजन किया गया। मतदाता सूची पुनरीक्षण जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील दायित्व को समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से पूरा करने पर प्रशासन द्वारा सभी कार्मिकों का अभिनंदन किया गया।

समारोह में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में मतदाता सूची का अद्यतन कार्य अत्यंत महत्व पूर्ण है। ऐसे में सावधानी पूर्वक, ईमानदारी से इस कार्य को सम्पन्न करना प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी कार्मिकों की मेहनत, निष्ठा और समयबद्ध कार्यशैली की सराहना की।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने भी बीएलओ की कार्यकुशलता और परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि विशेष पुनरीक्षण कार्य के दौरान विभिन्न चुनौतियों के बावजूद सभी टीमों ने उत्कृष्ट तालमेल के साथ कार्य किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ सहयोग मिलने से प्रशासनिक कार्य और अधिक गुणवत्ता के साथ पूर्ण होंगे।

समारोह के दौरान सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। इसके बाद उपस्थित कार्मिकों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निर्वाचन शाखा के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले ने समयबद्धता और समन्वय के साथ हासिल किया शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य

धौलपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत जिला प्रशासन ने प्रशासनिक दक्षता का परिचय देते हुए एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। अब जिले ने मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य में शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित कर लिया है। यह उपलब्धि जिले के निर्वाचन तंत्र की सक्रियता और मैदानी अमले के समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर जिला [illegible]धिकारी श्रीनिधि बी टी ने [illegible] सफलता का श्रेय टीम भावना को दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल आंकड़ों की नहीं, बल्कि एक सुनियोजित कार्यप्रणाली का परिणाम है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और विशेष रूप से बूथ लेवल अधिकारियों ने एक इकाई के रूप में कार्य करते हुए इस लक्ष्य को निर्धारित समय में पूर्ण किया है। प्रशासन ने प्रत्येक स्तर पर तकनीकी बाधाओं का त्वरित निवारण किया, जिससे यह गति संभव हो सकी। जिले की इस उपलब्धि के पीछे सूक्ष्म कार्ययोजना और नियमित समीक्षा की अहम भूमिका रही। जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक संवाद की एक मजबूत कड़ी स्थापित की गई। कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई [illegible] प्रेरित किया गया। डिजिटाइजेशन का चरण पूर्ण होने के उपरांत, जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभियान के अगले और सबसे महत्वपूर्ण चरण के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अब प्रशासन का पूरा ध्यान मतदाता सूची के गुणात्मक सुधार पर केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी दिनों में अनमैप्ड मतदाताओं और एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड श्रेणी के मतदाताओं का गहनता से सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे, इसके लिए इन श्रेणियों का भौतिक सत्यापन और निस्तारण पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन का उद्देश्य केवल नाम जोड़ना नहीं, बल्कि एक ऐसी मतदाता सूची तैयार करना है जो पूरी तरह शुद्ध और त्रुटिरहित हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कार्मिकों से आह्वान किया है कि वे इसी ऊर्जा और निष्ठा के साथ सत्यापन कार्य में जुट जाएं, ताकि जिला न केवल आंकड़ों में बल्कि डेटा की शुद्धता में भी राय में अग्रणी भूमिका निभा सके।

## निर्धारित समय सीमा से पहले ही मतदाता सूचियों का डिजिटाइजेशन पूरा

# भोपालगढ़ में एसआइआर कार्यक्रम बना मिसाल, विपरीत परिस्थितियों में भी बीएलओ ने दिखाया समर्पण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपालगढ़ @ पत्रिका.** निर्वाचन आयोग की ओर से संचालित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) कार्यक्रम के तहत भोपालगढ़ विधानसभा क्षेत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मिसाल कायम की है। निर्धारित समय सीमा से पहले ही मतदाता सूचियों का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया गया है। वहीं मैपिंग का कार्य भी अंतिम चरण में है।

कार्यक्रम के दौरान कई बीएलओ बेहद कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए भी पूरी लगन से काम में जुटे रहे। किसी बीएलओ के घर विवाह समारोह थे, तो किसी के पिता एवं काका का निधन हो गया। एक बीएलओ के बच्चे का पटाखों से हाथ तक जल गया। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और पारिवारिक चुनौतियों के बीच समय निकालकर इन कर्मचारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य समय पर पूरा किया। (निसं)

### टीम भावना व समर्पण से दिया काम को अंजाम



हमारे बीएलओ ने जिस तरह विपरीत परिस्थितियों में भी जिम्मेदारी निभाई है, वह प्रशंसनीय है। सभी ने टीमवर्क व समर्पण के साथ काम किया और इसी का परिणाम है कि हमारा क्षेत्र जिले में अग्रणी रहा। विषम परिस्थितियों वाले बीएलओ के लिए सहायक एवं अन्य कार्मिक लगाकर मदद दी। सबको समय-समय पर गाइड किया। इसके अलावा हमने शुरुआत से ही लक्ष्य स्पष्ट रखा और सभी साथियों ने उसे समय पर पूरा भी किया।

**- श्रद्धासिंह चौधरी,** उपजिला कलक्टर एवं ईआरओ भोपालगढ़

### डेंगू व चिकनगुनिया में भी कार्य पूरा किया –



एसआइआर अभियान के दौरान मुझे डेंगू एवं चिकनगुनिया हो गया। चलने-फिरने की स्थिति भी नहीं थी एसडीएम मैडम ने सहायक बीएलओ लगाकर एवं साथियों ने भी मदद की। कुछ दिन बाद हिम्मत जुटाकर फील्ड में उतरा और काम को समय से पहले अंजाम तक भी पहुंचाया।

**- अरविंद देवड़ा,** बीएलओ, भाग संख्या 51, भोपालगढ़

### चाचा बीमार और सारे वोटर बाहर



कार्यक्रम के दौरान चाचा गंभीर रूप से बीमार हो गए और कल उनका निधन भी हो गया। मेरे वार्ड में अधिकांश राव जाति के मतदाता अन्य राज्यों में रहते हैं, इसलिए भी काम काफी कठिन था। लेकिन उनसे निरंतर संपर्क रखा, फोन पर सारे कागज मंगवाए

**- प्रेमसिंह जाखड़,** बीएलओ, भाग संख्या 19, सुवाणा

### बेटे की शादी थी, काम नहीं रोका –



एसआइआर अभियान शुरू होने के कुछ दिन बाद ही बेटे की शादी थी। फिर भी समय निकालकर रात-रात भर काम किया और गांव से दूर कार्यस्थल पर जाकर मतदाताओं के गणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन करने का काम पूरा किया।

**- मुन्नालाल जाजड़ा,** बीएलओ, भाग संख्या 27, आसोप



**भोपालगढ़.** पिता के निधन के बाद साथी कर्मचारियों की मदद से काम पूरा करते बीएलओ डालूराम व सुपरवाइजर बलदेव मिर्धा।

### बच्चों की शादी में काम



परिवार में बेटे व बेटी की शादी थी, लेकिन एसडीएम मैडम के निरंतर मार्गदर्शन और प्रेरणा से रात में समय निकालकर अपना काम किया। यह काम हमारी जिम्मेदारी थी, इसलिए दिन-रात अतिरिक्त समय निकालकर इसे पूरा किया। मुझे खुशी है कि हमारा क्षेत्र जिले में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है।

**- पूराराम देवड़ा,** बीएलओ, भाग संख्या 168, अरटिया खुर्द

### बेटे का हाथ-मुंह जल गया, लेकिन काम नहीं छोड़ा



एसआइआर अभियान के दौरान 7 वर्षीय बेटे का पटाखे छोड़ते समय हाथ व मुंह जल गया। उसे कई दिन अस्पताल में रखना पड़ा लेकिन मैंने काम किया और पत्नी को बच्चों के साथ अस्पताल में रखा। एसडीएम मैडम ने भी हर संभव सहयोग दिया जिस काम समय पर पूरा हुआ।

**- माणकराम सोलंकी,** बीएलओ, भाग संख्या 98, मिंडोली

### पिता का निधन हुआ, लेकिन हिम्मत नहीं हारी



एसआइआर के दौरान पिता का निधन हो गया। सुपरवाइजर के साथ सहायक बीएलओ ने काम में मदद की। गांव सिल्ली से 70 किमी दूर कार्यस्थल पर पहुंचकर काम किया। संस्था प्रधान व स्टाफ ने भी मदद कर काम समय से पहले पूरा करवाया।

**डालूराम बेनीवाल,** बीएलओ, भाग संख्या 256, सालवा कलां

# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने युवाओं से सजग व जिम्मेदार मतदाता बनने का आह्वान किया

**जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने कहा कि एक सचेत मतदाता में स्वयं के कर्तव्य एवं दायित्व का अहसास, राष्ट्र की बुनियादी समस्याओं की समझ, उनके समाधान के संबंध में मौलिक सोच एवं इस हेतु सक्षम सरकार एवं सुयोग्य जनप्रतिनिधि की सुनिश्चित संकल्पना व परिकल्पना होनी चाहिए। राजेश्वर सिंह 'मतदान का अधिकार : जनतंत्र का आधार विषयक युवा विचार गोष्ठी को जे.एल.एन. मार्ग स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेस एंड सोशल साइंसेज के सेमिनार हॉल में संबोधित कर रहे थे। इस गोष्ठी में बड़ी संख्या में कनोड़िया महाविद्यालय की छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में मतदान के महत्व तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता के अधिकार कर्तव्य एवं दायित्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि एक जागरूक मतदाता को न केवल मतदान प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से हिस्सा लेना चाहिए वरन अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित करना चाहिए।

खबरों की दुनिया

एक नजर

# राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने युवाओं से सजग व जिम्मेदार मतदाता बनने का आह्वान किया



खबरों की दुनिया

जयपुर। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने कहा कि एक सचेत मतदाता में स्वयं के कर्तव्य एवं दायित्व का अहसास, राष्ट्र की बुनियादी समस्याओं की समझ, उनके समाधान के संबंध में मौलिक सोच एवं इस हेतु सक्षम सरकार एवं सुयोग्य जनप्रतिनिधि की सुनिश्चित संकल्पना व परिकल्पना होनी चाहिए। राजेश्वर सिंह 'मतदान का अधिकार : जनतंत्र का आधार विषयक युवा विचार गोष्ठी को जे.एल.एन. मार्ग स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज के सेमिनार हॉल में संबोधित कर रहे थे। इस गोष्ठी में बड़ी संख्या में कनोड़िया महाविद्यालय की छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में मतदान के महत्व तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता के अधिकार कर्तव्य एवं दायित्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि एक जागरूक मतदाता को न केवल मतदान प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से हिस्सा लेना चाहिए वरन अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित करना चाहिए। उन्हें विभिन्न राजनीतिक दलों की नीति, सिद्वान्त कार्यक्रम कार्ययोजना एवं कार्यप्रणाली का विस्तृत एवं आलोचनात्मक अध्ययन करना चाहिए तथा प्रत्याशियों के व्यक्तिगत व्यवहार, आचरण, जनप्रतिबद्धता, जनसमस्याओं की समझ, तथ्यात्मक एवं तार्किक प्रस्तुतीकरण की क्षमता, शैक्षणिक पृष्ठभूमि तथा आपराधिक अतीत न होने पर भी ध्यान देना चाहिए।

सिंह ने कहा कि जब तक पंचायतीराज संस्थाएं एवं नगरीय निकाय सशक्त सक्षम एवं प्रभावी नहीं होगे तथा स्थानीय स्तर पर सुयोग्य नेतृत्व का विकास नहीं होगा तब तक राष्ट्र का सर्वोतोमुखी एवं सर्वसमावेशी विकास असंभव है। स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के सशक्तिकरण से ही लोकतंत्र में आमजनता की सहभागिता सुनिश्चित होगी तथा स्थानीय समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान संभव हो सकेगा। स्थानीय स्वशासन में अनुसूचित जाति, जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए प्रतिनिधितत्व में आरक्षण की व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि समाज का कोई भी तबका लोकतांत्रिक प्रकिया में सहभागिता से वंचित न रहे तथा नीति निर्माण एवं नीति क्रियान्वयन में उसकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रियता से भाग लेते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति गहरी रुचि और जिज्ञासा व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कनोडिया महिला पी.जी. महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सीमा अग्रवाल द्वारा की गई तथा समापन राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राजेश वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन, विद्यार्थियों और सहयोगी संस्थानों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोग की कार्यप्रणाली का परिचय सहायक सचिव मनीषा चौधरी द्वारा दिया गया। यह युवा विचार गोष्ठी राज्य निर्वाचन आयोग, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज, जयपुर एवं कनोडिया महिला पी.जी. महाविद्यालय, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

# वोटर प्रत्याशियों के आपराधिक अतीत का ध्यान रखें : राजेश्वर

**जयपुर** | एक जागरूक वोटर को न केवल मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेना चाहिए वरन अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित करना चाहिए। वोटर को विभिन्न राजनीतिक दलों की नीति, सिद्धांत कार्यक्रम कार्ययोजना एवं कार्यप्रणाली का विस्तृत और आलोचनात्मक अध्ययन करना चाहिए। प्रत्याशियों के व्यक्तिगत व्यवहार, आचरण, जनप्रतिबद्धता, जनसमस्याओं की समझ, तथ्यात्मक एवं तार्किक प्रस्तुतीकरण की क्षमता, शैक्षणिक पृष्ठभूमि तथा आपराधिक अतीत न होने पर भी ध्यान देना चाहिए। जब तक पंचायतीराज संस्थाएं एवं नगरीय निकाय सशक्त सक्षम एवं प्रभावी नहीं होंगे सुयोग्य नेतृत्व का विकास नहीं होगा। वे सोमवार को महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज के सेमिनार हॉल में मतदान का अधिकार : जनतंत्र का आधार विषयक युवा विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

9
दैनिक नवज्योति
उदयपुर, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025
सफलता, निष्पक्ष और विश्वसनीयता के 90
आपके लिए

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 308 बीएलओ व सुपरवाइजर सम्मानित

## जिला कलेक्टर आलोक रंजन बोले : टीम वर्क से ही संभव हुआ यह महत्वपूर्ण कार्य

**नवज्योति, कपासन।** मतदान सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 308 बूथ लेवल अधिकारी व सुपरवाइजरों को शनिवार को एक समारोह में सम्मानित किया गया। नगर स्थित एसआर वाटिका में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने मेवाड़ी परंपरा के अनुसार स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र प्रदान कर उन्हें गौरवान्वित किया।



समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर रंजन ने कहा कि टीम वर्क की बदौलत ही यह व्यापक एवं चुनौतीपूर्ण कार्यक्रम सफल हो सका है।कार्य के दौरान आप सबने अनेक कठिनाइयों का सामना किया होगा, जिसके लिए चुनाव आयोग आप सभी के प्रति आभारी है। चुनाव संबंधी कार्य कभी समाप्त नहीं होते, आगे भी आप इसी निष्ठा और समर्पण के साथ सहयोग देते रहेंगे। समारोह में कपासन के राजेश सुवालका, भोपालसागर के महेश गोगोरिया, राशमी की अंजु शर्मा, तहसीलदार एम.नासिर मिर्जा बेग सहित विभिन्न विधानसभा स्तर के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बीएलओ और सुपरवाइजरों के समर्पण व कार्यकुशलता की खुलकर सराहना की गई।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का संचालन उज्ज्वल दाधीच और अश्विन व्यास ने किया। समापन के बाद सभी अधिकारियों ने बूथ लेवल अधिकारियों के साथ सामूहिक भोज कर टीम भावना को और मजबूत किया।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गणना प्रपत्र फेज की अंतिम बैठक सम्पन्न

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com



**सलूंबर।** राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र चरण की अंतिम समीक्षा बैठक मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन द्वारा आयोजित की गई। बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी, अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी तथा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अब तक प्राप्त सभी गणना प्रपत्रों की गहन जांच तथा अनुपस्थित मतदाताओं के पुनः सत्यापन के निर्देश दिए। विशेष रूप से उन मतदाताओं के लिए जिन्होंने 85 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर ली है, बीएलओ को अनिवार्य रूप से घर-घर जाकर सत्यापन करने के निर्देश दिए गए ताकि मतदाता सूची पूर्णतया सटीक और अद्यतन बनाई जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं को पूर्व में अनकलेक्टेबल मार्क किया गया था और जिनके गणना प्रपत्र स्कैन कर अपलोड नहीं किए गए, उन सभी के प्रपत्र बीएलओ ऐप पर अपलोड करना अनिवार्य है तथा कारण भी स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि बीएलओ-बीएलए बैठकें नियमित अंतराल पर आयोजित हों और उनकी प्रगति रिपोर्ट समयबद्ध रूप से राज्य स्तर पर भेजी जाए। सभी बूथ लेवल एजेंटों के साथ औपचारिक बैठक कर उपस्थिति, सुझाव और कार्यवाही का ब्यौरा संधारित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि फॉर्म-6 सहित सभी आवेदनों के साथ डिक्लेरेशन फॉर्म (प्रपत्र-4) भरना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन मान्य नहीं माना जाएगा। तकनीकी प्लेटफॉर्म और वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी ऑनलाइन अनुरोधों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अंतिम प्रकाशन से पूर्व संशोधित मतदाता सूचियों का पुनः क्रॉस-चेक करने के भी निर्देश दिए हैं, जिससे मतदाता सूची पूर्णतया त्रुटिरहित रह सके।

जिले में आयोजित बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश मीना ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ करने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है और गणना प्रपत्र फेज की यह अंतिम बैठक सभी लंबित प्रपत्रों के पूर्ण एवं सटीक निस्तारण के लक्ष्य पर केंद्रित है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला मतदाता सूची को शत-प्रतिशत अद्यतन, त्रुटिहीन और व्यवस्थित रूप में तैयार करना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। बैठक में निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले में अब तक 1422662 गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज

## मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं

**रानीवाड़ा से प्रवीण राठौड़ की रिपोर्ट।**

जालोर । जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं।
जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में 1422662 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा में 257530, जालोर विधानसभा में 283570, भीनमाल विधानसभा में 304360, सांचौर विधानसभा में 308160 व रानीवाड़ा विधानसभा में 269042 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है।

दैनिक भास्कर

उदयपुर जिला 09-12-2025

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश, मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर जोर

भास्कर न्यूज़ | सलूंबर



राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गणना प्रपत्रों की अंतिम समीक्षा बैठक मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी, अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अब तक प्राप्त सभी गणना प्रपत्रों की गहन जाँच करने तथा अनुपस्थित मतदाताओं का पुनः सत्यापन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि 85 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले सभी मतदाताओं का बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) द्वारा व्यक्तिगत रूप से घर-घर जाकर सत्यापन अनिवार्य है। जिन मतदाताओं को पूर्व में असंग्रहणीय (अनकलेक्टेबल) चिह्नित किया गया था और जिनके गणना प्रपत्र पूर्व में स्कैन कर अपलोड नहीं किए गए थे, उन्हें अब बीएलओ ऐप पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। हर अपलोड किए गए प्रपत्र पर असंग्रहणीय चिह्नित करने का कारण भी स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आगे कहा कि बूथ स्तर अधिकारी एवं बूथ स्तर अभिकर्ता की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं और प्रगति रिपोर्ट समय पर भेजी जाए। सभी बूथ स्तर अभिकर्ताओं के साथ औपचारिक बैठक कर आवश्यक विवरण संधारित कराया जाए। फॉर्म 6 (नया मतदाता पंजीकरण) के साथ घोषणा प्रपत्र (डिक्लेरेशन फॉर्म) अनिवार्य रूप से संलग्न हो; यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रपत्र 4 अवश्य भरा हुआ हो। अंतिम प्रकाशन से पहले सभी मतदाता सूचियों की पुनः क्रॉस-जांच कर त्रुटियों को पूरी तरह समाप्त किया जाए।

# मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले में अब तक 1422662 गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज

## मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं

भौंपू की आवाज

**जालोर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में 1422662 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा में 257530, जालोर विधानसभा में 283570, भीनमाल विधानसभा में 304360, सांचौर विधानसभा में 308160 व रानीवाड़ा विधानसभा में 269042 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है।

# मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले में अब तक 1422662 गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज

## मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं

मरू लहर न्यूज

**जालोर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में 1422662 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा में 257530, जालोर विधानसभा में 283570, भीनमाल विधानसभा में 304360, सांचौर विधानसभा में 308160 व रानीवाड़ा विधानसभा में 269042 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है।

# 14.22 लाख गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज

**जालोर@ पत्रिका.** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआइआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में 14 लाख 22 हजार 662 गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज किया गया।

# एसआइआर कार्य पूर्ण, बीएलओ टीम का सम्मान

पोसालिया @ पत्रिका. ग्राम पंचायत परिसर में सोमवार को पोसालिया सर्किल के सभी बीएलओ, सहायक बीएलओ और तकनीकी टीम की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसआइआर कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर टीम की सराहना की।

कार्य सम्पादन में उत्कृष्ट योगदान देने पर तकनीकी टीम के प्रवीण सिंह राव का साफापोशी और माला पहनाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर सर्किल सुपरवाइजर बाबू राम मीणा, बीएलओ महेंद्र पाल सिंह, छतर सिंह, पारस मीणा, जगा राम, मनीष मीणा, उम्मेद सिंह, राम सिंह देवड़ा, सहायक बाबू सिंह राव, भगवाना राम, महेंद्र कुमार, छगन लाल, गोविंद सिंह, योगेश सारस्वत, तकनीकी सहायक भूपेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार तथा पंचायत कर्मचारी जगताराम मौजूद रहे। बैठक का संचालन भरतसिंह कूंपावत ने किया।



पोसालिया. कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी।

दैनिक भास्कर सिरोही-आबूरोड भास्कर 09-12-2025

# 100 % कार्य पूर्ण होने पर बीएलओ सम्मानित



पोसालिया | कस्बे में सोमवार को पंचायत मुख्यालय पर पोसालिया सर्कल के समस्त बीएलओ, सहायक बीएलओ तथा टेक्निकल टीम के बीएलए प्रवीण सिंह राव का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया। यह सम्मान SIR के कार्यों में बीएलओ व सहायक बीएलओ द्वारा समय-समय पर सहयोग के सफल, सुचारु एवं शांतिपूर्ण संपादन के उपलक्ष्य में किया। सर्कल के सुपरवाइजर बाबू राम मीणा, बीएलओ महेंद्र पाल सिंह, छतर सिंह, पारस मीणा, जगा राम, मनीष मीणा, उम्मेद सिंह, राम सिंह देवड़ा, भूपेंद्र, सुरेंद्र तथा जगताराम सहित अन्य उपस्थित रहे।